उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 11.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 11.04.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।







@MahobaPolice

# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 11.04.2025

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांकः-11.04.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया, जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।

इसी क्रम में पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखा-धड़ी, जालसाजी, ठगी/टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 11.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## जुम्मे की नमाज के दृष्टिगत जनपद पुलिस रही पूरी तरह सतर्क, ड्रोन कैमरों से की गई निगरानी, विभिन्न संवेदनशील स्थलों पर रही पुलिस की मुस्तैदी।



पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में आज दिनांक- 11.04.2025 दिन शुक्रवार को जनपद में जुम्मे की नमाज को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया। नमाज के समय जनपद के संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई तथा उच्चाधिकारियों द्वारा निरंतर निगरानी रखी गई व संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती गई।

प्रमुख मस्जिदों एवं ईदगाहों के आस-पास पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई। जनपदीय पुलिस टीमें लगातार अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहीं और उनके द्वारा संवेदनशील स्थलों में फ्लैग मार्च किया गया।

शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु PAC एवं QRT की टीमों को भी सक्रिय रखा गया। ड्रोन कैमरों के माध्यम से विभिन्न स्थलों की निगरानी रखी गई, जिससे भीड़ पर नियंत्रण एवं संभावित अराजक तत्वों पर नजर रखी जा सके।





**जनहित में अपील:-**

जनपद पुलिस आम जनमानस से अपील करती है कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल निकटतम पुलिस थाना या डायल- 112 पर दें।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 11.04.2025
# महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

## सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान के तहत जनपद में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया, स्कूली बच्चों ने निभाई "ट्रैफिक वार्डन" की भूमिका-

आज दिनांक- 11.04.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में यातायात प्रभारी महोबा, श्री सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में जनपदीय यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद महोबा में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित कराने हेतु विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बिना हेलमेट, ड्रिंक एंड ड्राइव जैसे गंभीर उल्लंघनों की सघन चेकिंग की गई। यातायात नियमों के प्रति जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से यह अभियान विभिन्न प्रमुख चौराहों, तिराहों एवं महत्वपूर्ण मार्गों पर आयोजित किया गया।

**मुख्य गतिविधियाँ:-**

बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट वाहन चालकों का चालान किया गया एवं उन्हें सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी गई। नशे में वाहन चलाने (ड्रिंक एंड ड्राइव) के मामलों की गंभीरता को देखते हुए ब्रीथ एनालाइजर से चेकिंग की गई और संबंधित चालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की गई। वाहन चालकों को ट्रैफिक नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया और यातायात नियमों की जानकारी भी दी गई।

**स्कूली बच्चों की अनोखी भागीदारी:-**

इस अभियान की विशेष बात यह रही कि जनपद के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने 'ट्रैफिक वार्डन' की भूमिका निभाई। उन्होंने चौराहों/तिराहों पर खड़े होकर यातायात को नियंत्रित करने में सहयोग किया और लोगों को यातायात नियमों का पालन किये जाने के लिए प्रेरित किया। इस पहल ने न केवल बच्चों को ट्रैफिक के प्रति जागरूक किया, बल्कि आम जनमानस में भी सकारात्मक संदेश पहुँचाया है।

**जनहित में अपील:-**

जनपद महोबा पुलिस आप सभी वाहन चालकों से अपील करती है कि यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें, हेलमेट व सीट बेल्ट का सदैव उपयोग करें, नशे की हालत में वाहन न चलाएं और हमेशा सुरक्षित यात्रा को प्राथमिकता दें।




